दिन–मंगलवार दिनांक– 19/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वयं सारण जिले के डुमरी बुजुर्ग पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होकर राज्य व्यापी अभियान का उद्घाटन किया। श्री चौधरी ने कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान अधिकतम 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारी इकतीसवें दिन स्वतः निलंबित हो जायेंगे। सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर से सीधी निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनता की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर एक एक शून्य शून्य और सहयोग पोर्टल भी क्रियाशील कर दिया गया है। सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को किया जायेगा।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने पटना के दानापुर अनुमंडल के सरारी पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। बेगूसराय जिले के प्रभारी मंत्री सह सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बरौनी प्रखंड अंतर्गत भरत उच्च विद्यालय पिपरा देवस में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर तेघड़ा के विधायक रजनीश कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शस्त्री, पुलिस अधीक्षक मनीष समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इधर, दरभंगा जिले में चौबीस स्थानों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री सह पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कटिहार में आयोजित सहयोग शिविर के माध्यम से दो हजार नौ सौ पचहत्तर शिकायतों का निष्पादन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री सह कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने सदर प्रखंड के भवाड़ा पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। वहीं, अरवल जिले के करपी प्रखंड के परियारी पंचायत में जिले के प्रभारी मंत्री सह पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शिविर का उद्घाटन किया।अन्य जिलों में भी विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---

तेल विपणन कम्पनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग नब्बे पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। राजधानी पटना में अब पेट्रोल का मूल्य एक सौ दस रूपये दो पैसे प्रति लीटर और डीजल का मूल्य चौरानवे रूपये संतानवे पैसे प्रति लीटर हो गया है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी पच्चीस मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के पूर्व कुलपति डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी समेत बिहार की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान प्रदान करेंगी। भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पदम्श्री दिया जायेगा। जबकि डोमकच नृत्य को मुख्य धारा में लाने वाले लोकप्रिय कलाकार विश्वबंधु को मरणोपरांत पदम्श्री सम्मान दिया जायेगा।

---

राज्य के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इस अवधि में गयाजी और बक्सर में लू की स्थिति बनी रही। इन स्थानों पर तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार गयाजी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर और बक्सर जिले में लू चलने की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

---

शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड अंतर्गत प्रसार गांव में एक तालाब से बोरे में बंद दो किशोरों का शव बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

————————————————————————————

दरभंगा जिले के पतौर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदन पट्टी गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में चारों की मौत हो गई।

————————————————————————————

समाप्त